

जैसा कि आपने नीलामी में देखा, हम अगले तीन-चार वर्षों के लिये इस टीम को तैयार कर रहे हैं, अगले कुछ वर्षों में आपको इस टीम से कुछ शानदार खिलाड़ी देखने को मिलेंगे।

- सूर्य कुमार यादव

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज, मुंबई इंडियंस के प्रदर्शन पर।




**आज का खिलाड़ी**



**मितालीराज**

**भारत** की टेस्ट और वनडे कप्तान मिताली राज के अंतरराष्ट्रीय भविष्य को लेकर अटकलों का दौर जारी है लेकिन वह 18 अप्रैल से शुरू होने वाली महिला सीनियर टी20 ट्रॉफी में रेलवे का प्रतिनिधित्व करेंगी जो महिला विश्व कप के बाद उनकी पहली प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता होगी। पिछले महीने न्यूजीलैंड में भारतीय टीम के विश्व कप के शुरूआती चरण में बाहर होने के बाद मिताली और झूलन गोस्वामी का भविष्य चर्चा का विर्षय बना हुआ है। झूलन जहां विश्व कप के दौरान लगी चोट से उबर रही हैं तो मिताली रेलवे की टीम में अगली पीढ़ी की खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगी।

**क्या आप जानते हैं ?...** ओलंपिक में सफेद रंग के झंडे में पांच छल्ले होते हैं। नीले, पीले, काले, हरे और लाल रंग के ये छल्ले दुनिया के पांच महाद्वीपों के प्रतीक है।

# राहुल और मारक्रम के अर्द्धशतकों से हैदराबाद की जीत की हैट्रिक

## कोलकाता नाईट राइडर्स को सात विकेट से हराया

मुंबई, 15 अप्रैल। राहुल त्रिपाठी (71) और एडन मारक्रम (नाबाद 68) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों से सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को शुक्रवार को यहां 2022 आईपीएल के 25वें मैच में एकतरफा अंदाज में सात विकेट से करारी शिकस्त टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक पूरी की।

कोलकाता ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि हैदराबाद ने 13 गेंद शेष रहते 17.5 ओवर में तीन विकेट पर 176 रन बनाकर पांच मैचों में लगातार तीसरी जीत हासिल की जबकि कोलकाता को छह मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा। राहुल ने 37 गेंदों पर 71 रन में चार चौके और छह छक्के लगाए। मारक्रम ने 36 गेंदों पर नाबाद 68 रन में छह चौके और चार छक्के लगाए।

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद ने अभिषेक शर्मा और कप्तान केन विलियम्सन के विकेट पॉवरप्ले में गंवा दिए। अभिषेक ने तीन और विलियम्सन ने 17 रन बनाये। दो विकेट 39 रन पर गिरने के बाद राहुल त्रिपाठी ने मोर्चा संभाला। राहुल ने



कोलकाता के मिस्ट्री स्पिनरों को नहीं बख्शा। राहुल ने वरुण चक्रवर्ती के ओवर में दो छक्कों सहित 18 रन बटोरे। उन्होंने सुनील नारायण के ओवर में छक्का जड़ने सहित कुल 10 रन बटोरे। 13 ओवर में हैदराबाद का स्कोर दो विकेट पर 113 रन हो गया। राहुल की तरह एडन मारक्रम ने भी हाथ खोलते हुए उमेश यादव के पारी के 14वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर तीन चौके मारे।

**स्कोर बोर्ड**

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेंकटेश अय्यर बो नटराजन | 6 | 13 | 1 | 0 |
| आरोन फिंच का पूरन बो जानसेन | 7 | 5 | 0 | 1 |
| श्रेयस अय्यर बो मलिक | 28 | 25 | 3 | 0 |
| सुनील नारायण का शशांक बो नटराजन | 6 | 2 | 0 | 1 |
| नीतिश राणा का पूरन बो नटराजन | 54 | 36 | 6 | 2 |
| शेल्डन जैकसन का नटराजन बो मलिक | 7 | 7 | 0 | 1 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 49 | 25 | 4 | 4 |
| पैट कमिंस का जानसेन बो कुमार | 3 | 3 | 0 | 0 |
| अमन हकीम खान बो सुचित | 5 | 3 | 1 | 0 |
| उमेश यादव नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 9 रन | | | |

**कुल :** 20 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन
**विकेट पतन :** 1-11, 2-25, 3-31, 4-70, 5-103, 6-142, 7-153, 8-158
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-37-1, जानसेन 4-0-26-1, नटराजन 4-0-37-3, मलिक 4-0-27-2, शशांक 1-0-10-0, सुचित 3-0-32-1

| सनराईजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक बो कमिंस | 3 | 10 | 0 | 0 |
| केन बो रसेल | 17 | 16 | 3 | 0 |
| राहुल का अय्यर बो रसेल | 71 | 37 | 4 | 8 |
| मार्कराम नाबाद | 68 | 36 | 6 | 4 |
| निकोलस नाबाद | 5 | 8 | 9 | 9 |
| **अतिरिक्त :** | 12 | | | |

**कुल :** 17.5 ओवर में 3 विकेट पर 176 रन
**विकेट पतन :** 1-3, 2-39, 3-133
**गेंदबाजी :** उमेश यादव 4-0-31-0, पैट कमिंस 3.5-0-40-1, आंद्रे 2-0-20-2, अमन खान 1-0-13-0, वरुण चक्रवर्ती 3-0-45-0, सुनील नरेन 4-0-23-0

# भारत ने लगातार दूसरी बार जर्मनी को रौंदा, 3-1 से दी मात

भुवनेश्वर, 15 अप्रैल। फॉरवर्ड सुखजीत सिंह, अभिषेक और डिफेंडर वरुण कुमार के शानदार गोलों की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां 2021-22 पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग में जर्मनी को लगातार दूसरी बार हरा दिया। भारत ने दुनिया की नंबर छह टीम जर्मनी को यहां भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में प्रो लीग मैच में 3-1 से हरा कर 2021-22 प्रो लीग के अपने घरेलू चरण अभियान का शानदार समापन किया। भारत की ओर से सुखजीत (19), वरुण (41) और अभिषेक (54) गोल स्कोरर रहे।



मैच बेहद रोमांचक रहा और दोनों ही टीमों ने शुरुआत से ही अटैक और डिफेंस में परिपक्वता दिखाई। भारत हालांकि फिर से जर्मनी पर भारी पड़ा। पहला क्वार्टर गोल रहित रहने के बाद जर्मनी पर दबाव तब बढ़ा, जब 19वें मिनट में सुखजीत ने शानदार फील्ड गोल दाग कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।

इस गोल के बाद हालांकि मैच की तीव्रता और बढ़ गई। परिणामस्वरूप तीसरे क्वार्टर की समाप्ति के चार मिनट पहले तक गोल का सूखा रहा, लेकिन फिर भारत पेनल्टी कॉर्नर अर्जित करने में सफल हुआ और वरुण इसे गोल में तब्दील करने से नहीं चूके। इसी के साथ भारत ने 2-0 की बढ़त बना कर जर्मनी पर दबाव और बढ़ा दिया, हालांकि जर्मनी ने पलटवार करते हुए 45वें मिनट में बेहतरीन फील्ड गोल कर 2-1 के स्कोर के साथ तीसरा क्वार्टर समाप्त किया। यह गोल मिडफील्डर एंटोन बोएकेल के नाम रहा।

चौथे और आखिरी क्वार्टर में भारत ने जहां बढ़त को बढ़ाने की कोशिश की, वहीं जर्मनी ने स्कोर को बराबर लाने के लिए मशक्कत की। दोनों टीमों की ओर से इस क्वार्टर में कड़ी स्पर्धा देखने को मिली, लेकिन अंततः भारत 54वें मिनट में स्कोर करने में कामयाब रहा।

युवा फॉरवर्ड अभिषेक ने शानदार फील्ड दागते हुए भारत को 3-1 से आगे कर दिया। भारत ने फिर अंत तक यह बढ़त बनाए रखी और मुकाबला जीत लिया। उल्लेखनीय है कि इससे भारत ने गुरुवार को यहां जर्मनी को 3-0 से एकतरफा अंदाज में हराया था। टीम के उप कप्तान एवं डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह दो गोल दाग कर कल के हीरो रहे थे।

## बिली जीन किंग कप में भारत की इंडोनेशिया पर 2-1 से जीत

अंताल्या, 15 अप्रैल। भारतीय महिला टेनिस टीम ने लगातार दो हार झेलने के बाद इंडोनेशिया को 2-1 से हराकर बिली जीन किंग कप एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में पहली जीत दर्ज की है। भारतीय टेनिस खिलाड़ी रुतुजा भोसले ने गुरुवार को पहले एकल मैच में 1-0 की शुरुआती बढ़त बनाई और फिर इंडोनेशिया की बीट्राइस गुमुल्या को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हरा दिया। दूसरे मैच में भारत की शीर्ष रैंकिंग महिला एकल खिलाड़ी अंकिता रैना ने एल्डिला सुतजियादी पर 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की और भारत को इंडोनेशिया पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। फिर आखिरी युगल मुकाबले में रिया भाटिया और सौम्या बाविसेट्टी की भारतीय जोड़ी को जेसी रोम्पीज और एल्डिला सुतजियादी से तीन सेटों के संघर्ष में 6-4, 7(9)-6(7), 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भारत को अपने पहले दो मुकाबलों में चीन और जापान के हाथों 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था। इंडोनेशिया पर जीत के साथ भारत तीन मैचों में एक जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। जापान और चीन अपने तीनों मुकाबलों में जीत के साथ शीर्ष पर हैं।

# दीपक चाहर आईपीएल 2022 से बाहर


मुंबई, 15 अप्रैल। चार बार के आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के महत्वपूर्ण ऑलराउंड खिलाड़ी दीपक चाहर चोट से न उभर पाने के कारण आईपीएल 2022 सीजन से बाहर हो गए हैं। आईपीएल ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

आईपीएल की ओर से जारी बयान के मुताबिक सीएसके के तेज गेंदबाज दीपक चाहर पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने तेज गेंदबाज रसिख सलाम की जगह पर युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को रिप्लेसमेंट के तौर पर साइन किया है।

इस सीजन केकेआर के लिए दो मैच खेलने वाले सलाम पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण टूर्नामेंट में आगे हिस्सा नहीं ले पाएंगे। कोलकाता ने सलाम के स्थान पर दिल्ली के हर्षित राणा को उनके 20 लाख रुपए के आधार मूल्य पर टीम में शामिल किया है। इस बीच आईपीएल की ओर से दिल्ली कैपिटल्स के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट के

### रसिख की जगह हर्षित केकेआर में शामिल

कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने की जानकारी दी गई है। फिलहाल दिल्ली की मेडिकल टीम उनकी कड़ी निगरानी कर रही है। उल्लेखनीय है कि चाहर पिछले साल सीएसके की चौथी आईपीएल जीत का एक अभिन्न हिस्सा थे। उन्होंने 2021 आईपीएल सीजन में 15 मैचों में 8.35 की इकोनॉमी से 14 विकेट लिए थे। पॉवरप्ले में गेंद के



साथ उनके घातक प्रदर्शन ने चेन्नई को 2022 की मेगा नीलामी में उनके लिए मोटी राशि खर्च करने पर मजबूर किया। सीएसके को नीलामी में कड़ी चुनौती मिली, लेकिन उसने अंततः तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजियों से प्रतिस्पर्धा को दूर करते हुए अपने खिलाड़ी को 14 करोड़ में वापस टीम में शामिल किया।

नीलामी के कुछ दिनों बाद चाहर चोटिल हो गए और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के चलते श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला से चूक गए। ऐसी मत थे कि चाहर अप्रैल के अंत में सीएसके के लिए एक्शन में लौट आएंगे, लेकिन इस झटके ने उन सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

चाहर की अनुपस्थिति में सीएसके ने इस सीजन के अपने पहले चार मैचों में हार का सामना किया। टीम हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पांचवां मैच जीतने में कामयाब रही थी। चेन्नई को अब चाहर के रिप्लेसमेंट के तौर पर खिलाड़ी चुने जाने की अनुमति दी जाती है या नहीं, इस पर निर्णय होना बाकी है।

## दिल्ली कैपिटल्स के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट कोरोना संक्रमित

मुंबई, 15 अप्रैल। आईपीएल 2022 सीजन में कोरोना वायरस के संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। आईपीएल ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने की जानकारी दी है। आईपीएल की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक फिलहाल दिल्ली कैपिल्टस की मेडिकल टीम फरहार्ट की कड़ी निगरानी कर रही है। उल्लेखनीय है कि मौजूदा 2022 आईपीएल सीजन में कोरोना का यह पहला मामला है।

## वानखेड़े स्टेडियम में खेलने का इंतजार : खलील

मुंबई, 15 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 2022 आईपीएल के अपने पांचवे मैच में फॉर्म को बरकरार रखना चाहेगा, जो यहां वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बीच दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने इस सीजन में पहली बार वानखेड़े स्टेडियम में खेलने को लेकर उत्साह जताया है। उन्होंने शुक्रवार को एक बयान में कहा, वानखेड़े स्टेडियम में गेंद स्विंग करती है, इसलिए हम वहां खेलने का इंतजार कर रहे हैं। हम उत्साहित हैं और उम्मीद है कि हम परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए गेंद को अच्छी तरह स्विंग करा सकेंगे और विकेट ले सकेंगे।

खलील ने बेंगलुरु की टीम के बारे में कहा, बेंगलुरु एक अच्छी टीम है और ऐसी टीम के खिलाफ खेलने में मजा आता है। यह हमारे लिए चुनौतीपूर्ण होने वाला है, क्योंकि उनके पास बेहतरीन बल्लेबाज हैं, लेकिन मैं चुनौतियों का सामना करने के लिए उत्साहित हूं। दिल्ली के तेज गेंदबाज ने अगले मैच से पहले मिले लंबे ब्रेक को लेकर कहा, हमारी तैयारी बहुत अच्छी चल रही है। हमे लंबा ब्रेक मिलाहै। यह तेज गेंदबाजों के लिए अच्छा रहा है, क्योंकि हमें और आराम की जरूरत है। हमने पिछले कुछ दिनों में स्विमिंग पूल में मजा लिया है और जिम में ट्रेनिंग सेशन किया है।

# डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र में अब तक स्पिनरों का दबदबा

दुबई, 15 अप्रैल। बेहद रोमांच के साथ आगे बढ़ रहे मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2023 चक्र में अब तक स्पिनरों का दबदबा देखने को मिला है। वर्तमान डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र में अब तक के शीर्ष पांच गेंदबाजी आंकड़ों में से चार स्पिनरों के हैं, जिसमें न्यूजीलैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर एजाज पटेल का 10 विकेट का प्रदर्शन, पाकिस्तान के ऑफ ब्रेक स्पिनर साजिद खान का आठ विकेट और दक्षिण अफ्रीकी लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महाराज के सात-सात विकेटों के दो आकर्षक स्पैल शामिल हैं।

एजाज का टेस्ट क्रिकेट इतिहास में अब तक का तीसरा 10 विकेट का प्रदर्शन वर्तमान डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र में असाधारण गेंदबाजी प्रदर्शन की सूची में सबसे आगे है। उनसे पहले इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर जिम लेकर और पूर्व भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले ने एक पारी में 10 विकेट लेने का कीर्तिमान हासिल किया था।

एजाज ने दिसंबर 2021 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में एक पारी में 10 विकेट चटकाए थे। वहीं पाकिस्तानी ऑफ स्पिनर साजिद ने ढाका के शेर-ए-बंगला स्टेडियम में बंगलादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के आखिरी दिन आठ दिसंबर को पहली पारी में आठ विकेट लिए थे। उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने यह मैच पारी और आठ रन से जीत लिया था।

इसके अलावा केशव ने हाल ही में मार्च-अप्रैल में घर पर बंगलादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दोनों मैचों में शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत टीम को बड़ी जीत दिलाई थी। उन्होंने पहले मैच की दूसरी पारी में 32 रन देकर सात विकेट लिए थे और दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच 220 रन से जीत लिया था।

## युवराज सिंह संधू ने जीती पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप

चंडीगढ़, 15 अप्रैल। चंडीगढ़ के युवराज सिंह संधू ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाली पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप में शुक्रवार को खिताब जीत लिया। अपने घरेलू गोल्फ कोर्स पर खेलते हुए युवराज (70-67-65-69) ने पांच महीनों में तीसरा खिताब जीता। 25 वर्षीय युवराज का इस सत्र में यह दूसरा खिताब है। इस जीत से उन्हें 8,08,250 रुपये की पुरस्कार राशि मिली और पीजीटीआई आर्डर ऑफ मेरिट में दूसरे स्थान पर उन्होंने अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

## राष्ट्रमंडल खेलों से कुश्ती, निशानेबाजी, तीरंदाजी को बाहर किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण : अभय चौटाला

चंडीगढ़, 15 अप्रैल। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की सूची से कुश्ती, निशानेबाी और तीरंदाजी को बाहर किए जाने के निर्णय को बेहद निराशाजनक और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। चौटाला ने शुक्रवार को एक बयान में आरोप लगाया कि यह पूरी तरह केंद्र सरकार की विफलता है, जहां एक तरफ 'खेलों इंडिया' का नारा दिया जाता है, वहीं दूसरी तरफ मुख्य खेल, जिनमें भारत सबसे ज्यादा मेडल जीतता है, उन्हीं खेलों को राष्ट्रमंडल खेलों से हटा दिया जाता है। इनेलो के महासचिव ने कहा कि यह फैसला जी जान से तैयारी कर रहे खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में हरियाणा के पहलवानों और निशानेबाजों का ढंका बजता है। राष्ट्रमंडल खेलों में भी कुश्ती और निशानेबाजी में प्रदेश एवं देश के खिलाड़ियों ने भारत देश का नाम रोशन किया है। कुश्ती हरियाणा की शान है और सभी के दिलों में बसी हुई है।

उन्होंने कहा कि इनेलो राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के इस फैसले के खिलाफ पत्र लिख कर अपनी आपत्ति दर्ज करेगा और मांग करेगा कि महासंघ अपने फैसले पर पुनर्विचार करे और तुरंत तीनों खेलों को बहाल करे। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार को भी इसके लिए गंभीर प्रयास करने होंगे।

# पाक नवंबर-जनवरी के बीच घर पर इंग्लैंड, न्यूजीलैंड के साथ खेलेगा नॉन स्टॉप क्रिकेट

लाहौर, 15 अप्रैल। पिछले सीजन आखिरी समय पर अपने-अपने दौरे रद्द करने के बाद अब इंग्लैंड और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम नवंबर 2022 और अगले साल जनवरी के बीच पाकिस्तान का दौरा करने के लिए तैयार है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से शुक्रवार को जारी आगामी बंपर शेड्यूल में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीमें भी शामिल हैं। पीसीबी के शेड्यूल के मुताबिक पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम 2022-23 के घरेलू सत्र में सात आईसीसी विश्व चैंपियनशिप टेस्ट मैच खेलेगी। दो श्रीलंका, तीन इंग्लैंड और दो न्यूजीलैंड के खिलाफ होंगे, जबकि पाकिस्तान 12 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग मैच भी खेलेगा। वेस्ट इंडीज, श्रीलंका, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड सभी टीमों के साथ तीन-तीन मैच होंगे।

पाकिस्तान के घरेलू सत्र की शुरुआत पांच से 12 जून के बीच रावलपिंडी में वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से होगी। नवंबर में तीन टेस्ट मैचों से पहले इंग्लैंड की टीम सितंबर-अक्टूबर में सात मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए भी पाकिस्तान का दौरा करेगी।

वहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम दिसंबर-जनवरी में दो टेस्ट और तीन वनडे मैचों के बाद पांच वनडे और पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अप्रैल में फिर से पाकिस्तान आएगी। टी-20 प्रारूप में पाकिस्तान पुरुष टीम अगस्त-सितंबर में एक्शन में दिखेगी।

## एफसी गोवा, बेंगलुरू ने पहले दिन जीत हासिल की

पणजी, 15 अप्रैल। बेंगलुरु एफसी और एफसी गोवा ने शुक्रवार को यहां शुरू हुए पहले रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) के पहले दिन क्रमशः रिलायंस फाउंडेशन यंग चैम्प्स (आरएफवाईसी) और चेन्नइयन एफसी के खिलाफ जीत के साथ आगाज किया। बेंगलुरू की टीम ने आरएफ यंग चैम्प्स को 2-0 से हराया। उसके लिए मिडफील्डर बेके ओराम ने 24वें और स्थानापन्न स्ट्राइकर राहुल राजू ने 93वें मिनट में गोल किए। दूसरी ओर, एफसी गोवा ने अपने पहले मैच में चेन्नइयन एफसी को 1-0 से हराया। गोवा की ओर से जोवियाल डियास ने दूसरे हाफ में गोल करते हुए अपनी टीम को तीन अंक दिलाए।

# जो रूट ने छोड़ी इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तानी

लंदन, 15 अप्रैल। जो रूट ने तत्काल प्रभाव से इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। रूट ने हालांकि पुष्टि की है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि वह आगे भी अच्छा प्रदर्शन करके टीम की जीत में योगदान देने के लिए उत्साहित हैं। वह आगामी कप्तान, अपने साथियों और कोच की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

रूट पांच सालों तक इस पद पर बने रहे। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 64 टेस्ट मैचों में कप्तानी करते हुए सबसे ज्यादा 27 मैच जीते और 26 हारे। रूट की कप्तानी में इंग्लैंड ने 2018 में भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में 4-1 और 2020 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की थी। 2018 में रूट 2001 के बाद से श्रीलंका में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाले इंग्लैंड पुरुष टीम के पहले कप्तान भी बने थे। इस प्रदर्शन को उन्होंने 2021 में फिर से दोहराया, जब इंग्लैंड ने श्रीलंका को 2-0 से क्लीन स्वीप किया था।

इंग्लैंड की टीम हालांकि पिछले 17 मैचों में केवल एक ही मैच जीत पाई, जिससे उनके पद पर बादल मंडराने लगे थे। इंग्लैंड के पिछले 14 महीने बहुत मुश्किल रहे, जिसमें भारत के खिलाफ घर पर और घर से बाहर हार, ऑस्ट्रेलिया में 0-4 एशेज हार, टेस्ट



चैंपियनशिप के फाइनल में न पहुंच पाना और सबसे हालिया वेस्टइंडीज में तीन मैचों की सीरीज में 0-1 की हार शामिल है। इन सभी के चलते रूट को पद छोड़ना पड़ा।

रूट ने एक बयान में कहा, वेस्ट इंडीज दौरे से लौटने पर मैंने सोच-विचार किया और उसके बाद मैंने इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। यह मेरे करियर के सबसे मुश्किल फैसलों में से एक है, लेकिन मैंने यह अपने परिवार और नजदीकी लोगों से बात करने के बाद लिया है, मुझे पता है यही सही समय है।

उन्होंने कहा, मुझे अपने देश की कप्तानी करने पर गर्व है और जब भी मैं पिछले पांच सालों के बारे में सोचूंगा तो मुझे गर्व होगा। इस पद पर रहना सम्मान की बात है। देश का नेतृत्व करते हुए मुझे बहुत मज़ा आया लेकिन हाल में जिस तरह का दबाव मुझ पर आया, इसने मैच में ही नहीं उससे बाहर भी मुझे पर असर डाला है।"

रूट के कप्तानी छोड़ने के बाद अब उप कप्तान बेन स्टोक्स ही कप्तान बनने के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। रॉरी बर्न्स, स्टुअर्ट ब्रॉड और जॉस बटलर भी इस पद के दावेदारों में से एक हैं। इंग्लैंड टीम की एशेज और वेस्ट इंडीज में हार के बाद हुई आलोचना के बाद रूट का इस्तीफा आया है। आलोचकों की ओर से कहा गया था कि इंग्लैंड पुरुष टीम का ना कोई मैनेजिंग डायरेक्टर है, ना कोई प्रमुख कोच है, ना कोई चयनकर्ता और ना कोई टेस्ट कप्तान है।

इस बीच ईसीबी प्रमुख टॉम हैरिसन ने इस बारे में कहा, अपने कार्यकाल के दौरान रूट एक रोल मॉडल रहे हैं। उन्होंने कप्तानी में एक संतुलन पैदा किया, जिससे उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी अच्छा करने में मदद मिली। रूट की नेतृत्व करने की क्षमता कमाल की थी। उन्होंने कई बार मुश्किल समय में टीम का नेतृत्व किया।

हैरिसन ने कहा, कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने पूरी दुनिया में जाकर क्रिकेट खेला। मैं जानता हूं कि रूट ने हर किसी की बहुत मदद की है। उन्होंने कप्तान के तौर पर एक उदारण पेश किया है। मैदान से बाहर भी रूट में कोई बदलाव नहीं दिखा।

## टेनिस टूर्नामेंट आयोजित

जयपुर, 15 अप्रेल। जय क्लब में आयोजित प्रतियोगिता में 35 आयुवर्ग में विकास चोधरी ने पुलकित रनुडी को 6.06.1 से शेलन्दर चोधरी ने आदतीय शर्मा 6.3.7.8 से चेतन गुप्ता ने निशांत भाटीया को 6.16.2से हराया 40 वर्ष आयु वर्ग में रियाज़ अहमद ने राहुल को 6.16.1 दिनेश चन्द्र सुभाल ने विशाल देशपांडे को 4.66.4.10.7से कमरुद्दीन खान ने राजीव मनधानी को 6.06.3 से सिद्धार्थ सिसोदिया ने कुणाल गला को 6.46.7.11.9 से मनिष कुल्हरी ने आलोक परे को 6.0.61 से हराया और 45 आयु वर्ग में आशीष मालपानी ने केसरी नन्दन शर्मा को 6.36.4 से हराया वहीं 65 आयु वर्ग में आज टी एम गम्भीर ने प्रभुदायल मीणा को 61.6.3 से रिछपाल सिंह ने सतीश कुमार जैन को 6.4.6.4 से प्रदीप जैन ने अरविंद भसीन को 6.2.6.2 से राजेश कुमार ने सुरेन्द्र सिंह को 4.6.6.4.10.8 से हराया 55 आयु वर्ग में चन्ना भासरा कुमार ने पृथ्वीराज मीणा को 6.36.2 से हराया। शानदार मुकाबले जारी हैं देश के प्रमुख शहरों से विदेश से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं शानदार आयोजन जय क्लब में सभी का सहयोग मिल रहा है प्रतियोगिता में मुख्य रेफरी जय मुखर्जी निभा रहे हैं।

# पीसीबी ने शुरू की महत्वाकांक्षी पाक जूनियर लीग के लिए बोली

लाहौर, 15 अप्रैल। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने फ्रेंचाइज़ी आधारित पाकिस्तान जूनियर लीग के लिए बोली की शुरुआत कर दी है। पाकिस्तान प्रीमियर लीग की इकॉनमी से यह लीग प्रभावित ना हो, इसके लिए यह पांच टीम का टूर्नामेंट ऐसी जगह आयोजित किया जाएगा जहां पर पीएसएल के मैच नहीं हो रहे होंगे। टूर्नामेंट का पहला संस्करण अक्टूबर में होगा और सभी छह पीएसएल फ्रेंचाइज़ी ने इसके लिए करार सौंप दिए हैं, जिससे इस टूर्नामेंट को किसी तरह की दिक्कत ना हो। सबसे बड़ी मुश्किल तो ब्रॉडकास्ट साझेदार और टूर्नामेंट स्पांसर की होगी।

पीसीबी का प्लान यहां पर 15-19 साल ग्रुप के बच्चों को ड्राफ़्ट के मुताबिक चुनने का है। बोर्ड को यह लगता है कि कई स्पांसर इस लीग में योगदान देने को तैयार हैं और उम्मीद है कि पाकिस्तान के कई दिग्गज इस लीग में मेंटॉर और कोच की भूमिका में होंगे।

पीसीबी के चेयरमैन रमीज़ राजा ने एक बयान में कहा, "मैं रोमांचित और उत्साहित हूं कि कई दिनों की कड़ी मेहनत और योजना के बाद हमने आज पाकिस्तान जूनियर लीग के लिए करार जारी किया है, जो दुनिया में अपनी तरह की पहली अंतरराष्ट्रीय लीग है।"